grey matter pr

PRESS CLIP

===

Publication:- Rajasthan Patrika

Date: - 27th April 2020

Page :-04

Online Panel Discussion on "Learning from Essentials"on 23rd April organized by The Bengal Chamber

सरकारों ने अब तक स्वास्थ्य सेवा पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया

स्वास्थ्य व खाद्य सुरक्षा प्राथमिक जरूरत- बंगाल चेंबर

कोलकाता @ पत्रिका. लॉकडाउन के बीच बंगाल चेंबर की ओर से ऑनलाइन परिचर्चा से यह बात उभर कर सामने आई कि देश के आम लोगों की प्राथमिक जरूरत स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा है। चेंबर के अध्यक्ष देब ए मुखर्जी ने कहा कि लॉकडाउन को 30 दिन हो चुके हैं। इस दौरान अनुभव हुआ है लोगों की पहली जरूरत स्वास्थ्य सेवा और खाद्य सुरक्षा है।

उन्होंने कहा कि कोविड-19 ने सरकार को एक स्पष्ट संकेत दिया है, क्योंकि इसके वैक्सीन का आविष्कार अब तक नहीं हो सका है। सरकारों ने अब तक स्वास्थ्य सेवा पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया है। कोविड-19 ने महामारी की परिभाषा बदलकर रख दी है। इस वैश्विक भू राजनीति में हमारे पास पूरी दुनिया के लिए एक उत्कृष्ट और व्यापक योजना होनी चाहिए। इस वैश्विक साझेदारी के लिए सभी देशों को आपस में गठबंधन करना आवश्यक है।जिससे समाज के बड़े हित के लिए कोविड-19 के प्रभाव के बाद भी स्वच्छता और सावधानी देखभाल को वे जीवन भर इसे अपनाएं। विश्व के नेता इसे सही भावना से लेंगे। इस वैश्विक महामारी का निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ेगा। इसने प्रत्येक उद्यम को अपने संचालन की गतिविधि को बदलने के लिए मजबूर कर दिया है। लॉकडाउन के दौरान उद्यमी से लेकर ग्राहक बड़े पैमाने पर डिजिटल प्लेटफार्मों का उपयोग कर रहे हैं।

ऐहतियाती कदम जरूरी

कर्मचारियों को मास्क और दस्ताने का उपयोग करना बाध्यता मूलक करना चाहिए। साथ ही सामाजिक संतुलन बनाए रखना चाहिए। किसान बीमा किसानों के लिए एक जरूरी और सुरक्षित सहारा है, इसी प्रथामें कोविड-19 बीमा भी शामिल होना चाहिए।

दूर किया जाए खतर

बंगाल चेंबर की स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष प्रो. डॉक्टर रॉबिन चक्रवर्ती ने कहा कि कोविड-19 के कारण दो सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक चिंता, पहला पर्याप्त भोजन और दूसरा अच्छी स्वास्थ्य देखभाल है। अब यह अत्यंत जरूरी हो गया है कि कोविड-19 संक्रमण के खतरे को दूर किया जाए और भविष्य में स्वस्थ रहने के लिए ज्यादा शिक्षित और जागरूक बनाया जाए।